# इन्ट्रावेनस (IV) आयरन इंफ्यूजन

## रोगियों, परिवारों और देखरेखकर्ताओं के लिए जानकारी

यह पुस्तिका आयरन इंफ्यूजन के बारे में कुछ आम सवालों के जवाब देती है। इसमें सारी जानकारी उपलब्ध नहीं है और यह आपकी परिस्थिति में अपने डॉक्टर से बात करने का स्थान नहीं लेती है।

## आयरन क्यों महत्वपूर्ण है?

हमारे शरीर को आयरन की ज़रूरत है। आयरन का प्रयोग हीमोग्लोबिन बनाने के लिए किया जाता है – हमारी लाल रक्त कोशिकाओं का वह भाग जो हमारे शरीर में ऑक्सीजन ले जाता है। यह मांसपेशियों में ताकत, ऊर्जा और अच्छे मानसिक प्रकार्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। यदि आपके आयरन के स्तर निम्न हैं तो इससे आप थके हुए महसूस कर सकते/सकती हैं और हो सकता है कि आप रोज़मर्रा की आम गतिविधियाँ करने में सक्षम न हों। जैसे-जैसे शरीर में आयरन की मात्रा और कम होती है, हीमोग्लोबिन का स्तर सामान्य से नीचे हो जाता है। इसे आयरन की कमी अर्थात एनीमिया (रक्तहीनता) कहते हैं।

## मुझे IV आयरन की ज़रूरत क्यों पड़ सकती है?

आयरन की कमी का इलाज करने का सबसे सामान्य तरीका गोली या द्रव पदार्थ के रूप में मुँह से आयरन का सेवन करना है। अधिकांश लोगों के लिए यह अच्छे से असर करता है और आम-तौर पर इसका प्रयोग सबसे पहले किया जाता है। हो सकता है कुछ लोगों को नस के माध्यम से सीधे शरीर में आयरन दिए जाने की ज़रूरत पड़े। इसे इन्ट्रावेनस (IV) आयरन इंफ्यूजन कहते हैं। आयरन सुई के द्वारा दिया जाता है और आपकी नस में टपकाया ('इंफ्यूज्ड') किया जाता है। कभी-कभी आयरन के भंडारों को पूरा भरने के लिए 2 आयरन इंफ्यूजन (इन्हें 1 सप्ताह के अंतराल में दिया जाता है) की ज़रूरत होती है। इंफ्यूजन आयरन से निर्मित होता है, न कि रक्त से।

## IV आयरन की ज़रूरत उस परिस्थिति में पड़ सकती है यदि आप:

- आयरन की गोलियों / द्रव पदार्थ (सिरप) का सेवन करने में सक्षम नहीं हैं
- आयरन की गोलियाँ / द्रव पदार्थ का आप पर असर नहीं हो रहा है अथवा आप उनका सेवन नहीं कर पा रहे/रही हैं
- आपके लिए यह ज़रूरी है कि शीघ्र ही आपके आयरन के स्तर बढ़ाए जाएँ (उदाहरणत:, मुख्य सर्जरी से पहले, गर्भावस्था के आखिरी चरणों में या ब्लड ट्रांसफ्यूजन से बचने के लिए)
- गुर्दे (किडनी) के चिरस्थायी रोग या चिरस्थायी रूप से हृदय गति के रुकने से पीड़ित हैं

आपके डॉक्टर को यह बताना चाहिए कि आपको IV आयरन की ज़रूरत क्यों है और अन्य विकल्प क्या हैं।

## क्या IV आयरन के कोई दुष्प्रभाव हैं?

सामान्यत:, यदि दुष्प्रभाव होते हैं, तो वे हल्के होते हैं और खुद से दूर हो जाते हैं। सबसे सामान्य दुष्प्रभाव अस्थायी होते हैं और इनमें शामिल हैं:

- सिरदर्द, बीमार महसूस करना या उल्टी आना, मांसपेशियों या जोड़ों में दर्द
- स्वाद में परिवर्तन (उदाहरणत: धातुमय)
- रक्तचाप (BP) या नब्ज में परिवर्तन

**त्वचा का धुंधला हो जाना** (भूरे रंग के धब्बे) – ऐसा सुई लगाने (ड्रिप) के स्थान के आसपास मांस-तंतुओं में आयरन का रसाव होने से हो सकता है। **यह आम नहीं है परन्तु धब्बा लम्बे समय तक रहने वाला या स्थायी हो सकता है।** यदि सुई लगाने (ड्रिप) के स्थान पर कोई पीड़ा, जलन, लालिमा या सूजन हो तो तुरंत डॉक्टर या नर्स को बताएँ।

हालाँकि यह बहुत असामान्य है, पर कुछ लोगों में गंभीर एलर्जी सम्बन्धी प्रतिक्रिया हो सकती है। दुर्लभ मामलों में, यह जानलेवा हो सकती है। IV आयरन दिए जाते समय और इसके बाद 30 मिनट के लिए आप पर बराबर नज़र रखी जाएगी।

कभी-कभी दुष्प्रभाव (उदाहरणत: सिरदर्द, मांसपेशियों या जोड़ों का दर्द) 1 या 2 दिन बाद शुरू हो सकता है। ज्यादातर यह अगले कुछ दिनों में खुद से दूर हो जाएगा। यदि इसे लेकर आप चिंतित हैं या इससे आपकी रोज़मर्रा की गतिविधियों में बाधा पहुँचती है तो परामर्श के लिए अपने डॉक्टर या इंफ्यूजन केन्द्र से संपर्क करें।

**यदि आपकी छाती में दर्द है, आपको सांस लेने में कठिनाई हो रही है, आपको चक्कर आ रहे हैं या आपकी गर्दन / आपके मुँह में सूजन है, तो कृपया तुरंत ही चिकित्सीय (डॉक्टरी) परामर्श लें / ऐम्बुलेंस (000) को कॉल करें।**

Government of South Australia
SA Health

© Department for Health and Wellbeing, Government of South Australia
All rights reserved. *BloodSafe TP-L3-416 v2.1 October 2023*

## अपने डॉक्टर को क्या बताएँ

आपको निम्नलिखित परिस्थितियों की सूचना आपका आयरन इंफ्यूजन करने वाले अपने डॉक्टर और केन्द्र को देनी चाहिए:

- ☐ यदि आप गर्भवती हैं/ गर्भवती बनने की कोशिश कर रही हैं। गर्भावस्था की पहली तिमाही में IV आयरन से परहेज करना चाहिए।
- ☐ यदि आपको दमा, एक्जिमा (खुजली) या अन्य प्रकार की एलर्जियों रहती हैं।
- ☐ यदि पहले आपको आयरन इंजेक्शन के किसी प्रकार या इंफ्यूजन से कोई प्रतिक्रिया रही हो।
- ☐ यदि आपके आयरन के स्तर उच्च रहते हैं और आपको हीमोक्रोमेटोसिस है और आपको लीवर (जिगर) की समस्याएँ अधिक रहती हैं।
- ☐ यदि आप किसी दवा का सेवन कर रहे/रही हैं (हर्बल और बिना प्रिस्क्रिप्शन काउंटर से खरीदी जा सकने वाली दवाईयाँ)।
- ☐ यदि आपको इस समय कोई संक्रमण (इन्फेक्शन) हो (या सम्भवत: हो)।

## अपने डॉक्टर से क्या पूछें

हो सकता है कि आप निम्नलिखित के बारे में अपने डॉक्टर से बात करना चाहें:

- ☐ मुझे IV आयरन की ज़रूरत क्यों है?
- ☐ अन्य विकल्प क्या हैं?
- ☐ आयरन इंफ्यूजन में कितना समय लगेगा?
- ☐ पर्याप्त आयरन लेने के लिए मुझे कितने आयरन इंफ्यूजन लेने होंगे?
- ☐ (यदि आप फिलहाल आयरन की किन्हीं गोलियों का सेवन कर रहे/रही हैं), मैं आयरन की गोलियों का सेवन करना कब बंद करूँ और क्या मुझे इनका दोबारा प्रयोग करने की ज़रूरत पड़ेगी?
- ☐ आयरन को असर करने में कितना समय लगेगा?
- ☐ किन्हीं ऐसे दुष्प्रभावों से सम्बन्धित कोई सवाल जिन्हें लेकर आप चिंतित हों (पिछले भाग में सामान्य सूची प्रदान की गई है)।

## उस दिन क्या होता है?

आयरन इंफ्यूजन वाले दिन की तैयारी करने के लिए ऐसा कुछ खास नहीं है जो आपको करना चाहिए (उदाहरणत: आपके लिए उपवास रखना ज़रूरी नहीं है)। बशर्ते कि आपको कोई अप्रत्याशित प्रतिक्रिया नहीं होती है, आप गाड़ी चलाकर घर जा सकते/सकते हैं और अपने सामान्य कार्य कर सकते/सकती हैं। इंफ्यूजन केन्द्र से जाने से पहले, सुनिश्चित करें कि आपके पास निम्नलिखित है:

> किन्हीं शंकाएँ या सवाल उत्पन्न होने की स्थिति में संपर्क नम्बर
> आगे के किन्हीं टेस्टों और/या अपॉइंटमेंट्स की तिथियाँ

### मेरे (IV) आयरन इंफ्यूजन के विवरण:

आयरन का नाम:..........................................................................................

इंफ्यूजन तिथि(याँ)/ समय:..........................................................................

..............................................................................................................

स्थान:......................................................................................................

संपर्क फोन नम्बर: ....................................................................................

..............................................................................................................

IV आयरन के बाद ब्लड टेस्ट या समीक्षा की तिथि(याँ): .................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

टिप्पणियाँ ...............................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

## और अधिक जानकारी के लिए:

अपने डॉक्टर / इंफ्यूजन केन्द्र से बात करें

© Department for Health and Wellbeing, Government of South Australia
*All rights reserved. BloodSafe TP-L3-416 v2.1 October 2023*

Government of South Australia
SA Health

The English language version of this document has been reviewed and endorsed by CAG* for consumers and the community – October 2023
*SA Health Community Advisory Group

BloodSafe

रोगियों के लिए विषय-वस्तु इस वेबसाइट पर उपलब्ध है:
www.sahealth.sa.gov.au/bloodorgantissue